हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, रविवार, 7 जनवरी 2024
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती



## खबर संक्षेप



### डीएवी खरमोरा में इस्कॉन ने दी बच्चों को दी नैतिक शिक्षा

**कोरबा।** डीएवी मुख्यमंत्री स्कूल खरमोरा विद्यालय प्रांगण में गुरुवार को इस्कॉन के सन्यासी विश्व कीर्ति दास, राधा पद पंकज दास और प्रीचर शुभम धनंजय दास और दुर्गेश साहू के द्वारा बच्चों के लिए नैतिक और चरित्र निर्माण शिविर का अयोजन किया गया। विद्यालय के प्राथना सभा में सर्वप्रथम प्राचार्य हेमंतो मुखर्जी के द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। प्राचार्य ने कहा कि ऐसे शिविर का अयोजन विद्यार्थियो के हित में कराया जाता है। शिविर में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए पदाधिकारियों ने कहा कि आप जिस भी विचारधारा को मानते हैं उसे पूर्णतः आत्मसात कीजिए तथा इसे पानी के प्रवाह के माध्यम से भी समझाया गया। जैसे डैम में स्थित पानी तथा बाढ़ का पानी दोनों ही ऊर्जा के स्त्रोत हैं किंतु डैम का पानी सकारात्मक परिवर्तन हेतु उपयोग किया जाता है किंतु बाढ़ का पानी विनाशकारी के रूप में। इस तरह हर व्यक्ति के पास समान समय तथा समान ऊर्जा होती है जिसको सही दिशा में व्यय करना ही सही है तथा समाज में व्यक्तिगत रंग भेद के प्रति सतर्क करते हुए कहा कि व्यक्ति का व्यक्तित्व देखना चाहिए ना कि उसका रंग देखना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य मुखर्जी ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### बालको के मेगा हेल्थ कैंप से लोगों को मिला स्वास्थ्य लाभ

**कोरबा।** भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड हेल्प एज इंडिया के सहयोग से अपने आरोग्य परियोजना के अंतर्गत गहनिया गांव में मेगा हेल्थ कैंप आयोजित किया। समुदाय तक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से किए गए शिविर में चिकित्सा परामर्श भी दिया गया। शिविर से लगभग 157 नागरिक लाभान्वित हुए। यह मेगा हेल्थ कैंप विशेषकर जनजाति समुदाय को समर्पित था जो सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर में विशेषज्ञ सेवाएं जैसे दंत, त्वचा, हड्डी, स्त्री रोग, ईएनटी, मेडिसिन, सामान्य चिकित्सक और मधुमेह, रक्तचाप के लिए नैदानिक परीक्षण आयोजित किए गए। वृद्धजनों को एडवांस इलेक्ट्रोथेरेपी तकनीक से फिजियोथेरेपी सेवा प्रदान की गई। 56 वृद्ध एवं महिला को ओपीडी तथा 13 गर्भावस्था महिलाओं को परामर्श दिया गया। 39 हिमोग्लोबिन, 27 मधुमेह, 19 त्वचा जांच के साथ 7 लोगों को फिजियोथेरेपी सेवाएँ दी गई। स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा 34 महिलाओं को परामर्श दी गई। मल्टी-स्पेशियलिटी हेल्थ कैंप से बालको समुदाय को बेहतर स्वास्थ्य बेहतर भविष्य की ओर लेकर जाने के कटिबद्ध है। सामान्य स्वास्थ्य जांच और परामर्श प्रदान करने के साथ ही शिविर में आयुष्मान कार्ड पंजीकरण के बारे में जागरूकता फैलाने पर भी ध्यान केंद्रित किया गया। स्वास्थ्य शिविर में गहनिया के साथ खेतार, फूटामुड़ा, केशलपुर और बेला पंचायत के 7 गांवों के लोग शामिल हुए जिसमें उनकी आवश्यक चिकित्सा देखभाल और सेवाओं को सुनिश्चित किया गया। बालको ने इस साल लगभग 6 निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि सामुदायिक भलाई और समृद्धि हमारी कंपनी की दृष्टिकोण के प्रतिबद्धता की आधारशिला है। हम व्यक्तियों को सशक्त बनाने और समुदायों को बढ़ावा देने में सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा के महत्व को प्राथमिकता देते हैं।

### कलेक्टर ने ली राजनैतिक दलों की बैठक

**कोरबा।** आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार जिले में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 जनवरी के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली। श्री वसंत ने बताया कि कोरबा संसदीय क्षेत्र अंतर्गत 4 जिलों के 8 विधानसभा आते हैं। जिनमें मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के दो विधानसभा, भरतपुर व मनेन्द्रगढ़, कोरिया जिले के बैकुण्ठपुर, कोरबा जिले के रामपुर, कोरबा, कटघोरा, पाली-तानाखार विधानसभा एवं गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले का मरवाही विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। उन्होंने बताया कि एकीकृत मतदाता सूची का प्रारम्भिक प्रकाशन 6 जनवरी को किया जाएगा। दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने की तिथि 6 से 22 जनवरी तक होगी। दावा-आपत्ति की अवधि में मतदाता सूची में नाम जुड़वाने हेतु 13 एवं 14 जनवरी को विशेष अभियान चलेगा। इसी प्रकार दावा आपत्ति का निराकरण 2 फरवरी तक और मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 8 फरवरी को किया जाएगा।

### पीएम विश्वकर्मा योजनान्तर्गत कार्यशाला का हुआ आयोजन

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशन में नगर निगम तथा जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा संयुक्त रूप पीएम विश्वकर्मा योजनान्तर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में अपर आयुक्त खजांची कुम्हार द्वारा पीएम विश्वकर्मा योजना से संबंधित विभिन्न बिंदुओं एवं पात्रता के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र महाप्रबंधक श्री कश्यप ने बताया गया कि जिले में इस योजनान्तर्गत 7898 कारीगरों, शिल्पकारों का पंजीयन किया जा चुका है। ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत एवं शहरी निकाय क्षेत्रों में नगरीय निकायों के द्वारा प्रथम चरण सत्यापन किया जाएगा।

**बिलासपुर से कार में सवार होकर जा रहे थे उदयपुर**

# मवेशी को बचाने के चक्कर में तेज रफ्तार कार जा गिरी खाई में, मामा की मौत, भांजा गंभीर



दुर्घटनाग्रस्त कार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कार में सवार होकर मामा भांजे बिलासपुर से उदयपुर जा रहे थे देर रात को कटघोरा-अंबिकापुर हाईवे पर थे कि इस बीच मदनपुर मोड़ के पास अचानक मवेशी आ गई और मवेशी को बचाने के फेर में तेज रफ्तार कार अनियंत्रित हो गई और कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि सड़क के किनारे लगे रेलिंग को तोड़ते हुए सीधे नीचे खाई में जा गिरी।

**खास बात**

- मोरगा चौकी क्षेत्र के मदनपुर मोड़ के पास हुआ हादसा

इस सड़क हादसे में मामा की मौत हो गई जबकि उसका भांजा गंभीर रूप से घायल हो गया है जिसे उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है। पुलिस ने मामले में दुर्घटनाकारित चालक के खिलाफ धारा 304 ए के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार उदयपुर पंडरीडांड निवासी रोहित राम कंवर व उसका मामा बंकेश्वर पैंकरा बिलासपुर से कार क्रमांक सीजी 15 ईसी 0449 में सवार होकर बिलासपुर से उदयपुर के लिए रवाना हुए थे। देर रात लगभग 12:45 बजे बांगो थाना क्षेत्र अंतर्गत मदनपुर मोड़ के पास पहुंचे थे कि सामने अचानक मवेशी आ गई मवेशी को देखते ही कार चला रहा बागेश्वर हड़बड़ा गया और मवेशी को बचाने के चक्कर में उसकी तेज रफ्तार कार सड़क के किनारे लगी रेलिंग को तोड़ते हुए सीधे नीचे जा गिरी। इस सड़क हादसे में बंकेश्वर की मौत हो गई जबकि रोहित राम कंवर गंभीर रूप से घायल हो गया। देर रात हादसे की सूचना मिलने पर मोरगा चौकी पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और राहत में बचाव कार्य करते हुए घायल रोहित को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है। पुलिस ने मामले में कार को चला रहे बागेश्वर के खिलाफ धारा 279, 337, 304 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**मदनपुर मोड़ है ब्लैक स्पॉट**

जिले में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। जिले में सबसे अधिक हादसे कटघोरा-अंबिकापुर मार्ग में ही घटित होते हैं। जिसमें से ब्लैक स्पॉट की बात करें तो आधा दर्जन से अधिक स्थान इस मार्ग में ब्लैक स्पॉट हैं। जिस स्थान पर कार खाई पर गिरी है मदनपुर मोड उसमें से एक ब्लैक स्पॉट है। जिसमें आए दिन इस स्थान पर सड़क दुर्घटनाएं होते रहती हैं। पुलिस द्वारा इन ब्लैक स्पॉटों को चिन्हांकित कर इस स्थान में गाड़ियों की रफ्तार कम करने की दिशा पर पहल भी की गई है लेकिन इसके बाद भी सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। निश्चित तौर पर विभाग ने इसके लिए एनएचएआई को पत्र भी लिखा है कि ब्लैक स्पॉटों को चिन्हांकित कर इन स्थानों पर हादसों को रोकने की दिशा पर कोई पहल की जाए।

**वर्ष 2023 सड़क दुर्घटना पर एक नजर**

| माह | प्रकरण | मृतक | घायल |
|---|---|---|---|
| जनवरी | 61 | 31 | 64 |
| फरवरी | 58 | 17 | 66 |
| मार्च | 48 | 25 | 52 |
| अप्रैल | 67 | 32 | 68 |
| मई | 58 | 28 | 59 |
| जून | 53 | 34 | 40 |
| जुलाई | 47 | 31 | 32 |
| अगस्त | 46 | 22 | 29 |
| सितंबर | 43 | 16 | 36 |
| अक्टूबर | 55 | 28 | 55 |
| नवंबर | 53 | 22 | 51 |
| दिसंबर | 54 | 28 | 33 |
| कुल | 643 | 314 | 585 |

**एक साल के भीतर 314 लोगों ने गवाई जान**

जिले में हादसों का ग्राफ लगातार बढ़ते ही जा रहा है। वर्ष 2023 में जिले में कुल 643 सड़क हादसे हुए हैं। जिसमें से 314 लोगों की सड़क हादसे में मौत हुई है जबकि 585 लोग घायल हुए हैं। हालांकि यातायात पुलिस इन हादसों को रोकने के लिए लगातार हर वर्ष प्रयास करती है लेकिन हादसे कम होने का नाम नहीं ले रही है। ज्यादातर हादसे रफ्तार की वजह से या फिर ड्रिक एन ड्राइव की वजह से हो रहे हैं। पुलिस ने इस बार नए साल पर ड्रिंग एंड ड्राइव को रोकने के लिए बेहतर पहल की थी। जिसके चलते 31 दिसंबर व नए साल पर सड़क हादसे में किसी की भी मौत नहीं हुई।

### जिला जल उपयोगिता समिति की हुई बैठक

**कोरबा।** अपर कलेक्टर दिनेश कुमार नाग की अध्यक्षता में आज जिला पंचायत के व्हीसी कक्ष में जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में निर्धारित एजेण्डावार विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग एवं सचिव जिला जल उपयोगिता समिति एसएल द्विवेदी, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग हसदेव बरॉज पीके वासनिक सहित जल संसाधन संभाग के विभिन्न शाखाओं के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।बैठक में कार्यपालन अभियंता एवं सचिव जिला जल उपयोगिता समिति श्री द्विवेदी ने एजेण्डावार जानकारी देते हुए बताया कि मिनीमाता (हसदेव) बांगो परियोजना अंतर्गत कोरबा जिले में वर्ष 2023-24 में खरीफ सिंचाई का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। लक्ष्य के विरूद्ध 5820 हेक्टेयर क्षेत्र में खरीफ सिंचाई किया गया है। कोरबा जिले में 75 लघु सिंचाई योजनाएँ निर्मित है, जिसकी रूपांकित सिंचाई क्षमता 16404 हेक्टेयर है। इसमें 15484 हेक्टेयर खरीफ एवं 920 हेक्टेयर रबी सिंचित क्षेत्र है। वर्ष 2023-24 में लघु सिंचाई योजनाओ से 10737 हेक्टेयर क्षेत्र में खरीफ सिंचाई लक्ष्य निर्धारित किया गया था, लक्ष्य के विरूद्ध 10357 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई किया गया है। मिनीमाता (हसदेव) बांगो परियोजना अंतर्गत कोरबा जिले में वर्ष 2023-24 में रबी सिंचाई का लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया है एवं लघु सिंचाई योजनाओं से 330 हेक्टेयर लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## जंगल को ही खोदकर बनाई जा रही सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा

जंगल में वन विभाग द्वारा गिट्टी और मुरुम की सड़क बनाई जा रही है लेकिन सड़क बनाने के नाम पर जंगल में ही मिट्टी की जेसीबी से अवैध खुदाई की जा रही है और खुदाई कर सड़क बनाने का काम किया जा रहा है जो समझ से परे है। विभाग के ही अधिकारियों के नाक के नीचे यह सारा खेल खेला जा रहा है लेकिन जिम्मेदार विभाग के अफसर ना जाने क्यों शांत बैठे हुए हैं। विभाग के वरिष्ठ अफसरों को ऐसे मामलों को संज्ञान में लेकर दोषी अधिकारी, कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।

मामला कटघोरा वनमंडल के चैतमा वन परिक्षेत्र की है। जहां वन विभाग द्वारा 15 लाख की लागत से रामाकछार से बगदरा के बीच लगभग 13 किलोमीटर की दूरी में मुरूम और मिट्टी के माध्यम से सड़क निर्माण कराया जाना है जिसके लिए वन विभाग द्वारा निर्माण काम भी कराया जा रहा है लेकिन रेंजर दिनेश कुर्रे द्वारा जंगल के ठीक बीचो-बीच से जेसीबी लगाकर जंगल में ही मिट्टी की खुदाई कराई जा रही है और मिट्टी को ही सड़क में पाट कर सड़क बनाया जा रहा है। अब इससे सहज अंदाजा लगा सकते हैं कि आखिर जब जंगल से ही मिट्टी खोदकर सड़क बनाना है तो फिर राशि किसलिए जारी की गई है। 15 लाख की लागत से जो सड़क बननी है उसमें निर्माण के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है। ऐसा मामला यह पहली बार सामने नहीं आया है इससे पहले भी इस तरह के कई मामले सामने आ चुके हैं। जब इस मामले को लेकर दिनेश कुर्रे से उनका पक्ष जानने की कोशिश की गई तो उन्होंने इस मामले में कुछ भी कहने पर टाल मटोल करते रहे और वरिष्ठ अफसरों से बात करने कहते नजर आए।

**खास बातें**

- कटघोरा वनमंडल के चैतमा वन परिक्षेत्र का मामला
- रेंजर की कार्यशाली पर उठे सवाल



जेसीबी से खुदाई करता चालक।



निर्माणाधीन सड़क।

**मुख्यालय पर नहीं रहते हैं अधिकारी, कर्मचारी**

विश्वसनीय सूत्र बताते हैं कि कटघोरा वनमंडल के चैतमा रेंज अफसर व कर्मचारियों के लिए कार्यालय तैयार करने की दिशा पर पूर्व में पहल की गई थी लेकिन आज तक कार्यालय बन नहीं पाया है। जिसके चलते अधिकारी कर्मचारी मुख्यालय पर नहीं रहते हैं। जिसके चलते इस क्षेत्र में लकड़ी तस्करों के भी हौसले बुलंद है। गाहे बगाहे लकड़ी तस्कर इस क्षेत्र में घुसकर बड़े पैमाने पर लड़कियों की अवैध कटाई करते हैं तो अवैध कब्जे के भी कई मामले सामने आ चुके हैं लेकिन न जाने क्यों वरिष्ठ अफसर इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिसके चलते इस क्षेत्र में लगातार इस तरह की गतिविधियां बढ़ती ही जा रही है।

## मकान में चोरी करने वाले दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सीएसईबी के एक मकान में ताला तोड़कर चोरी करने वाले दो शातिर बदमाशों को पुलिस ने धरदबोचा है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से चोरी का सामान भी जप्त किया है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत एनसी/ 34 सीएसईबी कालोनी निवासी विभांशु एस.सिंह सीएसईबी कोरबा पूर्व मे अधीक्षण यंत्री के पद पर कार्यरत है। विभांशु 31 दिसंबर की रात्रि लगभग 9 बजे अपने घर में ताला बंद कर अपने परिवार के साथ मिशन रोड स्थित मेनोनाईट चर्च गया हुआ था और जब वह अपने परिवार के साथ उसी रात लगभग 12 बजे अपने घर वापस आया तो देखा कि घर के पीछे वाला दरवाजा खुला हुआ था और घर के अंदर अलमारी के लॉकर में रखा हुआ चांदी के जेवर तथा कुछ नगदी रकम घर में नही था जिसे कोई अज्ञात चोर घर के पीछे बने बाउंड्रीवाल को कूद कर दरवाजा को खोलकर भाग गया। विभांशु की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर चोरी की घटना को अंजाम देने वाले आरामशीन योगेश्वर विश्वकर्मा उर्फ चंटी 28 वर्ष पिता रामकुमार विश्वकर्मा एवं देव प्रसाद 29 वर्ष पिता स्व. तुलसी राम साहू को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से 2 जोड़ी चांदी पायल व 4 हजार रुपए नगद रुपए जप्त किया है।

**खास बात**

- सिविल लाइन थाना क्षेत्र का मामला



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।









## अलग-अलग घटनाओं में दो की मौत, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में दो अलग-अलग घटनाओं में एक युवती व युवक की मौत हो गई है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पहली घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र के इंडसट्रियल एरिया की है। यहां निवासरत गोपाल रात्रे 50 वर्ष खरमोरा में किसी बिल्डिंग में काम कर रहा था जहां ऊंचाई से गिर गया। आनन-फानन में उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। इसी तरह दूसरी घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के सीतामढ़ी की है। यहां निवासरत नरेश यादव की 20 वर्षीय पुत्री नेहा यादव को गंभीरावस्था में उपचार के लिए परिजन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे थे जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। नेहा यादव की मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई है यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस दोनों ही मामलों में वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। देर शाम होने की वजह से दोनों ही मामले में पोस्टमार्टम की कार्रवाई नहीं हो पाई है। अब शनिवार की सुबह दोनों मामलों में पोस्टमार्टम की कार्यवाही होगी और परिजनों का बयान कलमबद्ध किया जाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा।

### दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**कोरबा।** उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत एक युवती ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी समीर से इस्ट्राग्राम में दोस्ती हुई। फिर दोनों के बीच इस्ट्राग्राम में बातचीत होने लगी। आरोपी समीर ने पीड़िता को अपने प्रेमजाल में फंसाकर कई बार मिलने बुलाया और 7 मई 2023 को पीड़िता को उसके गृह ग्राम छोड़ने जाते समय लबेद के जंगल में बलात्कार किया। जब पीड़िता विवाह करने के लिए आरोपी को बोली तो पहले विवाह करने से इंकार किया। फिर पीड़िता द्वारा आरोपी के घर जाकर दबाव बनाया। तो आरोपी एक महीने के भीतर विवाह करने की बात किया और बाद समीर शादी से मुकर गया। पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 376 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर ग्राम बाता थाना कुसमुण्डा निवासी समीर भारद्वाज उम्र 25 वर्ष पिता रेशम लाल भारद्वाज को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

## मारपीट के आरोप में चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पसान थाना क्षेत्र अंतर्गत रामपुर स्कूलपारा निवासी अजमेर सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसी गांव में ही निवासरत देव प्रसाद गोंड़, रामखिलावन उर्फ भोले, आधार सिंह एवं श्रीमती भगवनिया बाई द्वारा पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौच करते हुए घर अंदर घुसकर लाठी डंडे से मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया है। मामले में पुलिस ने अजमेर की रिपोर्ट पर सभी आरोपी देव प्रसाद गोंड़, रामखिलावन उर्फ भोले, आधार सिंह एवं श्रीमती भगवनिया बाई के खिलाफ धारा 452, 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया



पुलिस गिरफ्त में आरा


TOP IN JANJGIR









हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, रविवार, 7 जनवरी 2024
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

4
भजन कीर्तन के साथ विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा



## खबर संक्षेप

### सेना में भर्ती के लिए अधिसूचना फरवरी तक होगी जारी

**जांजगीर-चांपा।** सेना भर्ती कार्यालय रायपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती हेतु छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए अधिसूचना फरवरी के मध्य तक जारी होने की संभावना है। जो भारतीय सेना की साइट पर उपलब्ध होगी। सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर ने इच्छुक उम्मीदवारों को सलाह दी है कि अपना यूजर आईडी और पासवर्ड भारतीय सेना की साइट पर बनाकर तैयार रखें ताकि ऑनलाइन पंजीकरण के समय आपका पंजीकरण करने में ज्यादा समय ना लगे। किसी भी स्पष्टीकरण, सहायता के मामले में उम्मीदवार शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम नया रायपुर के पास स्थित सेना भर्ती कार्यालय रायपुर दूरभाष संख्या पर संपर्क कर सकते हैं।

### महुदा (बलौदा) में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 9 को

**जांजगीर-चांपा।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बलौदा (महुदा) में 9 जनवरी को सुजुकी मोटर्स - द प्लेसर की ओर से आईटीआई पास विभिन्न व्यवसायों हेतु कैंपस का आयोजन किया गया है। प्राचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बलौदा महुदा ने बताया कि 9 जनवरी को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बलौदा (महुदा) में सुजुकी मोटर्स - द प्लेसर (कैंपस रिक्रूटमेंट पार्टनर) की ओर से 21500 रुपये मासिक की दर से एनसीव्हीटी एवं एससीव्हीटी के विभिन्न व्यवसाय मोटर मैकेनिक, टर्नर, मशीनिष्ट, वेल्डर, इलैक्ट्रिशियन, टूल एण्ड डाई मेकर, प्लास्टिक प्रोसेसिंग ऑपरेटर, ट्रैक्टर मैकेनिक, पेंटर जनरल) के ऐसे प्रशिक्षणार्थी जो कि 2017 से 2023 के बीच पास हुये हैं एवं जिनकी आयु 18-24 वर्ष हो आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक आवेदक 9 जनवरी को प्रातः 9 बजे समस्त आवश्यक दस्तावेज के साथ संस्था में उपस्थित हो सकते हैं।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन 15 तक

**जांजगीर-चांपा।** राज्य में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक एवं आईटीआई आदि के प्राचार्य, संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमे अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं, को सूचित किया गया है कि शिक्षा सत्र 2023-24 हेतु ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12 वीं से उच्चतर) के पंजीयन स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाइट पर ऑनलाइन की जा रही है। जिसके अंतर्गत संस्थानों के प्रस्ताव, स्वीकृति लॉक करने हेतु विभाग द्वारा तिथि निर्धारित की गई है। राज्य में अध्ययनरत विद्यार्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन के लिए 15 जनवरी तक, ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक करने हेतु 25 जनवरी तक एवं सेक्शन स्वीकृति लॉक करने 10 फरवरी 2024 तक निर्धारित की गई है।

### किसान सम्मान निधि स्व-पंजीयन का अप्रूवल करवाना अनिवार्य

**जांजगीर-चांपा।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत स्वयं या सी.एस.सी. से स्व-पंजीयन करने उपरान्त कृषि विभाग में अनिवार्य रूप से अप्रूवल कराना अनिवार्य है, ताकि स्व-पंजीयन सक्रिय होकर योजनांतर्गत किस्त की राशि आना प्रारंभ हो जाये। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत पात्र किसान द्वारा स्वयं या सी.एस.सी. से स्व-पंजीयन करने उपरान्त कृषि विभाग ने अप्रूवल अनिवार्य रूप से कराया जाना है। जमीन संबंधी दस्तावेज एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज के साथ, अपने ग्राम में पदस्थ ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।

उपार्जन केंद्रों में 14 लाख क्विंटल धान जाम, अधिकांश जगहों पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं

# खुले आसमान तले धान, दिनभर छाए रहे बादल, नुकसान का मंडराया खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

मौसम के बदले मिजाज से धान के नुकसान का खतरा मंडराने लगा है। खुले आसमान के तले लाखों क्विंटल धान रखा है। शनिवार को पूरे दिन बदली छाई रही। ऐसे में बारिश होने पर बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है। धान की मात्रा अधिक होने के कारण इसे कैप कवर से ढक पाना आसान नहीं होगा। ऐसी स्थिति में मौसम के बदले अंदाज ने केंद्र प्रभारियों की चिंता बढ़ा दी है।

जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में अब तेजी आ गई है। खरीदी की अंतिम तिथि 31 जनवरी निर्धारित की गई है। धान खरीदी की लिमिट भी कुछ दिन पहले ही बढ़ाई गई है। ऐसे में किसान इन दिनों बड़ी तादात में उपार्जन केंद्रों में पहुंच कर धान बेच रहे हैं। इधर मौसम का मिजाज शनिवार को ऐसा बदला कि पूरे दिन बदली छाई रही। मौसम के बदले मिजाज से बारिश की संभावना बन रही है। इसके बावजूद उपार्जन केंद्रों में धान की सुरक्षा को लेकर गंभीरता नजर नहीं आ रही। जिले में इस बार अब तक 58 लाख क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया है। लक्ष्य के विरुद्ध 30 लाख 71 हजार क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। खरीदे गए धान में से 16 लाख क्विंटल धान का उठाव हुआ है। वहीं 14 लाख क्विंटल धान अभी भी उपार्जन केंद्रों में है। केंद्रों में धान जाम होने का प्रमुख कारण यह है कि लिमिट बढ़ने के बाद पिछले कुछ दिनों से धान की आवक बढ़ी हैं। आवक के हिसाब से धान का उठाव नहीं हो पा रहा है। ऐसे में केंद्रों में बड़ी मात्रा में धान जाम है। इधर शनिवार को मौसम में बदलाव आया और दिनभर बादल छाए रहे। किसानों से खरीदा गया धान खुले आसमान के तले पड़ा है। धान की मात्रा अधिक होने के कारण इसे कैप कवर से ढक पाना आसान नहीं होगा। ऐसी स्थिति में मौसम के बदले अंदाज ने केंद्र प्रभारियों की चिंता बढ़ा दी है।



उपार्जन केन्द्र में पड़ा धान।

### ट्रक चालको की हड़ताल से बिगड़े हालात

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की शुरूआत 1 नवंबर से की गई है। शुरूआती दिनों में धान की आवक काफी कम रही और कई केन्द्रों में नवंबर माह में बोहनी तक नहीं हो सकी थी। दिसंबर माह में नई सरकार बनने के बाद किसान धान खरीदी केन्द्रो में पहुंचने लगे। इसके बाद खरीदी के कार्य में रफ्तार आई। प्रशासन ने दिसंबर माह के अंतिम दिनों में धान खरीदी की लिमिट बढ़ाई। इसके बाद केन्द्रों में आवक तेज हुई। बडी संख्या में किसान अपना धान लेकर उपार्जन केन्द्रों में पहुंचने लगे। ऐसी स्थिति में केन्द्रों में धान का अंबार लगने लगा। इधर हिट एंड रन के नए कानून के विरोध में ट्रक चालकों नए 1 जनवरी से 3 जनवरी तक हड़ताल किया। जनवरी माह की शुरुआत में ट्रक चालकों की तीन दिन की हड़ताल के कारण धान का उठाव नहीं हो सका। जिसके कारण उपार्जन केंद्रों में धान का अंबार लग गया। कई केंद्रों में तो धान खरीदने के लिए जगह की कमी हो गई थी। हड़ताल समाप्त होने के बाद 4 जनवरी से फिर से उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव शुरू हुआ। ट्रकों के नहीं पहुंच पाने के कारण अधिकांश उपार्जन केन्द्रों में चबूतरे के नीचे ही खरीदे गए धान के बोरों की छल्लियां लगी है। छोटे केन्द्रों में हर ओर धान की बोरी नजर आ रही है। बड़ी मात्रा में धान जाम होने के कारण केंद्रों में स्थिति सामान्य होने में अभी कुछ समय लगेगा। ऐसे में अगर बारिश हो जाती है तो धान के नुकसान की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

### व्यवस्था बनाने दिए निर्देश

मौसम के मिजाज में आए बदलाव को देखते हुए सभी केन्द्रों में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम करने निर्देश जारी किए गए है। उपार्जन केन्द्रों में कैप कव्हर पर्याप्त है। जिससे नुकसान की संभावना कम है।

**-रेशमलाल तिवारी,**
जिला नोडल अधिकारी
सहकारी बैंक जांजगीर



फाटक खुलने के इंतजार में लगी वाहनों की कतार।

# नैला रेलवे फाटक का जाम बना लोगों के लिए सिरदर्द

## ओव्हरब्रिज की वर्षों पुरानी मांग लंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय के रेलवे फाटक नैला में ओव्हरब्रिज की कमी खल रही है। फाटक में ब्रिज नहीं बन पाने के कारण घंटों जाम लग रहा है। इससे वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। फाटक में जाम की समस्या आम हो गई है। जिला मुख्यालय होने के चलते रोजाना बड़ी संख्या में बलौदा, पंतोरा, खिसोरा सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों का आना-जाना जांजगीर लगा रहता है। पूरे दिन भर छोटे सहित बड़े वाहनों की आवाजाही के चलते दबाव बना रहता है। लगातार बढ़ रहे यातायात दबाव के मद्देनजर लोगों द्वारा नैला समपार पर लंबे समय से ओवहरब्रिज निर्माण की मांग की जा रही है, ताकि यहां पर लगने वाले जाम से राहगीरों को मुक्ति मिल सके। नैला रेलवे फाटक में दिन भर ट्रेनों के गुजरने के चलते अधिकांश समय फाटक बंद होने पर मार्ग के दोनों ओर वाहनों की कतार लग जाती है। कभी-कभी तो लगातार ट्रेन गुजरने पर आधे घंटे तक के लिए फाटक बंद होने पर वाहनों का रेला लग जाता है। नैला समपार में ओवर ब्रिज बनने से जांजगीर - नैला से बलौदा तथा पंतोरा-कोरबा मार्ग पर आवागमन करने वाले वाहन चालकों को समपार पर लगने वालेजाम से छुटकारा मिलेगा और फाटक बंद होने पर उन्हें घंटो खड़े होकर फाटक खुलने का इंतजार भी नहीं करना पड़ेगा। हालांकि दो साल पहले वार्षिक निरीक्षण में पहुंचे रेलवे के जीएम ने नैला फाटक पर ओवरब्रिज निर्माण की जानकारी दी थी। मगर अभी तक नैला फाटक में आरओबी निर्माण के लिए कोई पहल नहीं हो सकी है।

# मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कलेक्टर ने दिए जरूरी इंतजाम करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

विधानसभा चुनाव के बाद अब लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू हो चुकी है। कलेक्टर ने शनिवार को मतदान केन्द्रो का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

नव पदस्थ कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा ने जिले के बनारी, तिलई और अमरताल मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बीएलओ से नए मतदाताओं का नाम जोड़ने, नवविवाहित वधुओं का नाम जोड़ने, मृत मतदाताओं के नाम काटने के निर्देश दिए। उन्होंने गांव में मतदाताओं का नाम जुड़वाने के लिए मुनादी करने कहा। उन्होंने बताया कि 6 जनवरी से 22 जनवरी 2024 तक विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। बीएलओ को डोर टू डोर सर्वे करने के निर्देश दिए। उन्होंने 18 वर्ष पूर्ण कर रहे युवाओं व नवविवाहित का नाम मतदाता सूची में जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिनके नाम छूट गया है उनका नाम निर्धारित प्रारूप में जानकारी भरकर बीएलओ के पास जमा करा सकते हैं। उन्होंने एसडीएम व तहसीलदार को नियमित मॉनिटरिंग करने कहा। कलेक्टर ने जिले के मतदान केन्द्रों में मूलभूत सुविधाओं बिजली, प्रकाश, पेयजल, फर्नीचर, शौचालय, रैम्प, प्रत्येक मतदान केन्द्रों में व्हीलचेयर रखने के निर्देश दिए।



मतदान केन्द्र का निरीक्षण कर दिशा निर्देश देते कलेक्टर।

### स्कूल-कॉलेजों में लगाए जाएंगे विशेष शिविर

पुनरीक्षण अवधि के दौरान 1 अप्रैल, 1 जुलाई, एवं 1 अक्टूबर को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले भावी मतदाता भी फॉर्म-06 में अग्रिम आवेदन कर सकेंगे। जिसका निराकरण उक्त अवधि में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने के बाद किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, अंकसूची स्वयं का फोटो तथा परिवार के सदस्य का परिचय पत्र के फोटोकॉपी की आवश्यकता होगी।

### ईव्हीएम-व्हीव्हीपीएटी वेयरहाउस का किया निरीक्षण

कलेक्टर आकाश छिकारा के द्वारा जिले के राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों, प्रतिनिधियों की उपस्थिति में जिले के ईव्हीएम-व्हीव्हीपीएटी वेयरहाउस का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों, प्रतिनिधियों को ईव्हीएम संबंधी जानकारी दी गई।

### नेशनल इंटर डिस्टिक्स जूनियर एथलेटिक्स आज से

**सक्ती।** 19वी राष्ट्रीय इंटर डिस्टिक्स जूनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशीप के लिए जिला स्तरीय प्रतियोगिता 7 जनवरी को मिनी स्टेडियम टेमर में आयोजन किया जावेगा। संरक्षक श्यामसुंदर अग्रवाल ने बताया कि आधार कार्ड, मोबाईल नंबर, ई-मेल आई डी, राशन कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो अनिवार्य रूप से साथ लायेंगें। 60 मी. दौड, लम्बी कूद, गोला फेंक, 600 मी. दौड कीड जेवलिन, अण्डर 16 बालक-बालिका टीथलान ए.बी.सी. 60 मी. दौड, 80 मी. हर्डल, 600 मी. दौड, हाई जम्प, लांग जम्प गोला फेंक, जेवलिन थ्रो। अण्डर 16 बालक-बालिका पेंटाथलान 60 मी दौड़, 80 मी. हर्डल, लांग जम्प, शॉट पुट 600 मी. दौड शामिल है।

### खेत में लगा रहे आग...



**पामगढ़।** डबल फसल के लिए क्षेत्र में किसान खेत को तैयार करने में लगे है। इस दौरान खेतों में पलारी को आग लगाया जा रहा है। प्रतिबंध के बावजूद चण्डीपारा, लगरा, हेडसपुर, सिल्ली सहित अन्य गांव में किसान पलारी को आग लगा रहे है। फोटो : हरिभूमि

# नियम तोड़ने वाले 118 वाहन चालकों पर 35 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



यातायात नियमों का उलंघन करने वाले 118 वाहन चालको पर कार्यवाही करते हुए 35 हजार 8 सौ रुपए का जुर्माना वसूल किया गया। जिला पुलिस यातायात द्वारा जिले में सड़क दुर्घटना में कमी लाने लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर पुलिस द्वारा मोटर व्हीकल अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में 118 वाहन चालको पर कार्यवाही करते हुए 35 हजार 8 सौ रुपए का जुर्माना वसूल किया गया। वाहनों में नम्बर प्लेट अस्पष्ट होने, नो पार्किंग में वाहन खड़ी करने , मोटर सायकल में तीन सवारी, वाहन में रिफलेक्टर ग्लास नही होने, पार्किंग लाईन नही होने पर वाहन चालकों के खिलाफ अलग-अलग धाराओं के तहत कार्यवाही की गई। यातायात पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान भविष्य में यातायात नियमों का पालन करने हेतु वाहन चालकों को समझाईश भी दी गई। उल्लेखनीय है कि यातायात नियमों का उल्लंघन के कारण जिले में लगातार सड़क हादसे सामने आ रहे है। हादसों में कई लोग गंभीर रूप से घायल हो रहे है। वहीं लोगों की जान भी जा रही है। हादसों में कमी लाने के उद्देश्य से जिला पुलिस बल व यातायात पुलिस द्वारा लगातार वाहनों की चेकिंग की जा रही है। साथ ही उन्हें समझाईश दी जा रही है।

डिंपी सिंह, शिक्षा दिनकर और अखिलेश ने बढ़ाया जिले का मान

# दीव बीच गेम्स में छत्तीसगढ़ मलखंब की टीम ने जीता गोल्ड मेडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

दमन दीव में भारत का पहला राष्ट्रीय बीच गेम आयोजित किया गया। फाइनल मैच में छत्तीसगढ़ के मल्लखंब के बालक वर्ग और बालिका वर्ग ने गोल्ड मेडल जीता। टीम में शामिल जांजगीर चांपा जिले के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन कर छत्तीसगढ़ का मान पूरे देश में बढ़ाया है।

जिला मल्लखंब एसोसियेशन जांजगीर चांपा के संस्थापक पुष्कर दिनकर, सहायक कोच प्रभात कुमार, अकलेश नारंग व कमेटी द्वारा उक्त खिलाड़ियों को विगत छः सालों से निःशुल्क ट्रेनिंग दी जा रही है। इस मध्यावधि में इस सेंटर के खिलाड़ियों ने कम और सीमित संसाधनों के बावजूद सफलता के नए कीर्तिमान गढ़े है। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में प्रेमचंद शुक्ला विशेष रूप से उपस्थित रहकर बच्चों का हौसला अफजाई करते रहे, वही मल्लखंब संघ के महासचिव डा राजकुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष अनिल सिंह लगातार प्रतियोगिता में नजर बनाए रखा है, व टीम को सजेश करते रहे है। इस प्रतियोगिता में जिले के समीपस्थ पामगढ़ के पास ग्राम कुटराबोड़ के खिलाड़ियों ने कारनामा कर जीत हासिल किया है। इन उपलब्धियों को देखते हुए जिला प्रशासन जांजगीर ने जिले के इन खिलाड़ियों को उन्नत प्रशिक्षण देने के लिए छप्पन लाख का इंडोर मल्लखंब ट्रेनिंग सेंटर के रूप में सौगात दिया है। दमन दीव में टेक्निकल आफिसर के रूप में गए पुष्कर दिनकर ने बताया इस प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ी कु डिंपी सिंह,शिक्षा दिनकर,अखिलेश कुमार बिलासपुर से आतिफ खान, नारायणपुर से सरिता, मोनिका दुर्गेश्वरी, मोनू, राकेश ने प्रतिभाग किया। ये खिलाड़ी सात जनवरी को स्कूल गेम के राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए उज्जैन रवाना होंगे। खिलाड़ी वहां 8 से 12 जनवरी तक आयोजित प्रतियोगिता में अपने खेल कौशल का लोहा मनवायेंगे। वापस लौटने पर जिला मल्लखंब एसोसियेशन जांजगीर के पदाधिकारियों ने बच्चों के भव्य स्वागत की तैयारी कर ली है।




पुरस्कार के साथ खिलाड़ी।

# शादी का प्रलोभन देकर दैहिक शोषण करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

शादी का प्रलोभन देकर दैहिक शोषण करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला अकलतरा थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में अकलतरा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रोशन कुमार साव अकलतरा क्षेत्र में रहकर काम करता था। रोशन कुमार से युवती की जान पहचान होने पर युवती को शादी करने का झांसा देकर दैहिक शोषण किया। पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध थाना अकलतरा में धारा 376, 376 (3) भादवि कायम कर विवेचना मे लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी रोशन साव 23 वर्ष निवासी सुहासनी गांगुली सरानी कलकत्ता को हिरासत में लिया। पूछताछ में अपना जुर्म स्वीकार करने पर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही मे उप निरीक्षक बी.एल कोसरिया, सउनि अरूण कुमार सिह आरक्षक विवेक ठाकुर, प्रदीप दुबे, राघवेन्द्र धृतलहरे, बृजपाल बर्मन एवम महिला आरक्षक अंजना लकडा का योगदान रहा।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी

खबर संक्षेप

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में बच्चों को दी जानकारी



**हसौद।** बैगलेस डे के दिन शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला धमनी में शनिवार 6 जनवरी को विकसित भारत संकल्प यात्रा की जानकारी दी गई। इस जानकारी में विद्यालय के समस्त शिक्षक तथा ग्रामीण उपस्थित थे। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत बच्चों को जैसे की महतारी वंदन योजना, उज्ज्वला गैस योजना, आयुष्मान कार्ड योजना, बच्चों ने इन योजनाओं को जाना समझा तथा इन योजनाओं की सराहना भी की। इन योजनाओं की जानकारी इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि ग्राम पंचायत धमनी में 10 जनवरी को संकल्प यात्रा होनी है। उक्त उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा भारत सरकार द्वारा राज्यों के सहयोग से प्रारंभ जानकारी को अच्छे ढंग से प्रधान पाठक जगजीवन प्रसाद जांगड़े के द्वारा समझाया गया। सहयोगी के रूप में मनीष दास बैरागी, संजय कुमार तांजय और हेरोद कुमार भारद्वाज उपस्थित रहे।

## अमरुवा में मड़ाई मेला व डांस प्रतियोगिता आज

**देवरी-सारागांव।** ग्राम पंचायत अमरूवा में रविवार 7 जनवरी को मड़ाई मेला एवं रात्रि में ड्रांस प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। प्रतियोगिता में प्रथम इनाम 7 हजार रुपए, द्वितीय 5 हजार रुपए, तृतीय 3 हजार रुपए, चतुर्थ 2 हजार रुपए, पंचम 1 हजार रुपए, षष्टम एवं सप्तम 500 रुपए दिया जाएगा। प्रवेश शुल्क ग्रुपिंग 300 रुपए, युगल 200 रुपए, एकल 150 रुपए रखा गया है । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती आशा बालेश्वर साहू जनपद अध्यक्ष बम्हनीडीह, बालेश्वर साहू विधायक जैजैपुर, श्रीमती जयाकांता हरिशंकर राठौर जिला पंचायत सदस्य होंगे। अध्यक्षता रविन्द्र शर्मा अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी बम्हनीडीह करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रुप में रोशन लाल बरेठ सरपंच अमरूवा, श्रीमती लीला दिनेश राठौर सरपंच देवरी, मनहरण करियारे बीडीसी, श्रीमती रामेश्वरी उपसरपंच, मंच संचालक पुनिराम बरेठ, संरक्षक शंकरलाल सागर कोटवार उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने आयोजककर्ता टुकेश्वर बरेठ, श्रीकांत, प्रेमलाल, रामगोपाल, नागेश्वर राव, श्यामगोपाल, संजू, बलदाऊ, रविकांत, गणेश, छविकांत, दुर्गाप्रसाद, मंदीप, शेखर, अजय, त्रिनाथ, राकेश बरेठ, अमृतलाल बरेठ, गोलू राव मराठा, नरेश मोदी, तिजाऊराम मननेवार, बाबूलाल मननेवार जुटे हुए है।

## विधायक ने किया क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ



**किकिरदा-बिर्रा।** समीपस्थ ग्राम रीवाडीह में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक बालेश्वर साहू मुख्य अतिथि के रुप में शालि हुए। उन्होंने फीता काटकर मैच का शुभारंभ किया। विधायक श्री साहूने सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और समस्त ग्रामवासियो का आभार प्रकट किए।

## जर्वे-पिसौद मुख्य मार्ग बदहाल, राहगीरों को हो रही परेशानी

**जांजगीर-चाम्पा।** जिला मुख्यालय जांजगीर से लगे ग्राम पंचायत जर्वे से पिसौद बिरगहनी एवं पीथमपुर मार्ग को जोड़ने वाली सड़क बद से बदतर हो चली है, जिसके चलते इस मार्ग से होकर आने जाने वाले लोगों के साथ-साथ स्कूली बच्चे एवं स्टाफ को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर जर्वे मुख्य मार्ग में स्कूल के पास से खराब हुआ मार्ग गांव के अंतिम छोर तक जाता है। ऐसे में लोगों को गंदगी युक्त मार्ग से होकर आवाजाही करने की मजबूरी बनी रहती है। ऐसा भी नही की इस बात की जानकारी जनप्रतिनिधियो के द्वारा उच्च अधिकारियों को ना दी गई हो, लेकिन इसके बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है।

### हरिभूमि कैलेण्डर 2024 का विमोचन : महामंडलेश्वर राजेश्री महंत व विधायक के साथ वरिष्ठ जनप्रतिनिधि हुए शामिल

# समाचार ही नहीं विचार भी के सूत्र वाक्य को लेकर आगे बढ़ रहा हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा



हरिभूमि कैलेण्डर का विमोचन करते राजेश्री महंत, ब्यास कश्यप, ब्रजेशचंद्र मिश्र, गुलाब सिंह चंदेल, दिनेश शर्मा, कार्तिकेश्वर स्वर्णकार, प्रशांत सिंह ठाकुर, डॉ. परस शर्मा, कमलेश सिंह बाबा, देवेश सिंह, महाप्रबंधक प्रियंक सिंह परिहार, संतोष गुप्ता, निर्मलदास वैष्णव।

हरिभूमि 2024 के वार्षिक कैलेण्डर का विमोचन समारोह शनिवार 6 जनवरी को न्यू सर्किट हाउस जांजगीर में जिले के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में गरिमामय ढंग से संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर एवं दुधाधरी मठ व शिवरीनारायण मठ के मठाधीश राजेश्री महंत रामसुंदर दास रहे। अध्यक्षता जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास कश्यप ने की। विशिष्ट अतिथि के रुप में जिले के पूर्व कलेक्टर ब्रजेशचंद्र मिश्र, जिला भाजपा अध्यक्ष गुलाब सिंह चंदेल, राजीव गांधी पंचायती राज प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक दिनेश शर्मा, युवा आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष और भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक कार्तिकेश्वर स्वर्णकार, भाजपा सोशल मीडिया के प्रदेश संयोजक प्रशांत सिंह ठाकुर, नगरपालिका जांजगीर-नैला के उपाध्यक्ष आशुतोष गोस्वामी, जनपद सदस्य ठा. कमलेश सिंह बाबा, जोगी कांग्रेस के प्रदेश महासचिव संतोष गुप्ता, सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक आयुर्वेद डॉ. परस शर्मा, लायंस क्लब के चार्टर अध्यक्ष देवेश कुमार सिंह, निर्मलदास वैष्णव, रेखन तिवारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना से हुआ। तत्पश्चात अतिथि सत्कार की परंपरा के बाद राजेश्री महंत के साथ सभी अतिथियों ने हरिभूमि वार्षिक कैलेण्डर का विमोचन किया। इस मौके पर राजेश्री महंत ने कहा कि हरिभूमि अपने सूत्र वाक्य "समाचार ही नहीं विचार भी" के साथ आम लोगों से इस तरह जुड़ गया है कि सभी वर्गों के लोग इस परिवार के सदस्य की तरह है। हरिभूमि का यही अपनापन और लगाव हर नए वर्ष में कैलेण्डर विमोचन के कार्यक्रम के बहाने सभी दलों के जनप्रतिनिधियों को एक मंच पर आसीन करता है। खबरों की विश्वसनीयता भी बनी हुई है। विधानसभा चुनाव के दौरान हरिभूमि व आईएनएच की कई खबरों पर मुहर लगी, जो इसकी विश्वसनीयता को और भी मजबूती प्रदान करता है। कैलेण्डर को उन्होंने जनउपयोगी बताते हुए कहा कि इसमें दिन व तारीख के अलावा तिथि, व्रत त्योहार की भी जानकारी मिलती है। विधायक ब्यास कश्यप ने हरिभूमि के शुरुआती दिनों की याद करते हुए कहा कि वे बिलासपुर और रायपुर संस्करण के शुभारंभ अवसर के साक्षी रहे हैं। तब से लेकर हरिभूमि की विकास यात्रा अनवरत जारी है। उन्होंने कैलेण्डर विमोचन के इस कार्यक्रम के बहाने नए साल में सभी की उपस्थिति के लिए हरिभूमि परिवार को धन्यवाद ज्ञापित किया। पूर्व कलेक्टर ब्रजेशचंद्र मिश्र ने जांजगीर के अपने ढ़ाई साल के कार्यकाल को याद करते हुए कहा कि यहां उनकी पहली कलेक्टरी थी, तब उन्हें यहां के जनप्रतिनिधियों और आमजन से जो सहयोग व स्नेह मिला वह अविस्मरणीय है। जनहित के मुद्दों में यहां की पत्रकारिता की सराहना करते हुए उन्होंने हरिभूमि के इस आयोजन को प्रशंसनीय बताया। भाजपा जिलाध्यक्ष गुलाब सिंह चंदेल ने हरिभूमि के स्थापनाकाल को याद करते हुए कहा कि यह अखबार 1 रुपए में मिलने वाला पहला अखबार था, जिसकी पहुंच उस घर में भी हुई, जो कभी अखबार नहीं खरीदते थे। इसके साथ ही अपनी निष्पक्ष व निर्भिक पत्रकारिता से यह संस्थान शीर्ष स्थान पर पहुंच गया है। उन्होंने नए साल में हरिभूमि के कैलेण्डर विमोचन कार्यक्रम के मंच में सभी दल के जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति की सराहना की। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता दिनेश शर्मा ने कहा कि हरिभूमि समूह अपनी निष्पक्ष व निर्भिक पत्रकारिता के साथ जनसरोकार से जुड़े आयोजनों के माध्यम से आम लोगों से परिवार की तरह जुड़ गया है। आज के व्यवसायिकता के दौर में भी यह समूह जनहित के मुद्दों को लेकर अपने सिद्धांतों पर अडिग है। बिना किसी राग द्वेष के जनहित के मुद्दों को उठाया जाता है। भाजपा नेता कार्तिकेश्वर स्वर्णकार ने कहा कि हरिभूमि समाचार के अलावा कैलेण्डर के माध्यम से लोगों की दिनचर्या में शामिल हो गया है। समाचार पढ़ते हैं, आईएनएच में देखते हैं और कैलेण्डर में दिन तिथिवार, तीज-त्यौहार की भी जानकारी मिलती है। भाजपा सोशल मीडिया के प्रदेश प्रभारी प्रशांत सिंह ठाकुर ने कहा कि आज के दौर में प्रिंट और इलेक्ट्रानिक मीडिया के अलावा सोशल मीडिया, वेब पोर्टल का चलन बढ़ गया है। ऐसे समय में उन्होंने खबरों की निष्पक्षता, सत्यता को लेकर कहा कि ऐसे समय में जब मोबाइल पर सोशल मीडिया के माध्यम से भ्रामक खबरें वायरल होती है तब अखबारों की जिम्मेदारी बढ़ जाती है कि वे उन तथ्यों को परखें और सत्यता को पाठकों तक पहुंचाएं। उन्होंने इसके लिए हरिभूमि की निष्पक्षता और निर्भिकता की भी सराहना की। नगरपालिका के उपाध्यक्ष आशुतोष गोस्वामी ने हरिभूमि को जनपक्षीय समाचार पत्र बताते हुए इस तरह के आयोजन की सराहना की। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता ठाकुर कमलेश सिंह बाबा ने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का सजग प्रहरी है। हरिभूमि लगातार लोकतंत्र में अपनी अहम भूमिका निभाता आ रहा है। यही वजह है कि अखबार की विश्वसनीयता बनी हुई है। सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक (आयुर्वेद) डॉ. परस शर्मा ने कहा कि हरिभूमि जनसरोकार की खबरों को प्रमुखता से उठाता है। बिना किसी भेदभाव के सभी पक्षों को अखबार में स्थान मिलता है। यही वजह है कि कैलेण्डर विमोचन के कार्यक्रम में भी सभी दल के लोग पहुंचे है। जोगी कांग्रेस के प्रदेश महासचिव संतोष गुप्ता ने कैलेण्डर को उपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि हरिभूमि पठनीय और विश्वसनीय अखबार है। यह संस्थान सभी लोगों से आत्मीयता से जुड़ा हुआ है। निर्मलदास वैष्णव ने कहा कि नए साल में कैलेण्डर का प्रकाशन और विमोचन कार्यक्रम के बहाने सभी को एक मंच पर बुलाना हरिभूमि की अपनी परंपरा है। इस समाचार पत्र से अपनेपन का नाता है। खबरों में विश्वसनीयता और सामाजिक सरोकारिता से इस अखबार ने जनता के दिल में जगह बना ली है। लायंस क्लब के चार्टर अध्यक्ष देवेश कुमार सिंह ने हरिभूमि अखबार की प्रशंसा करते हुए कहा कि हर साल कैलेण्डर निकलाना भी उपयोगी है। उन्होंने सभी को नए साल की बधाई देते हुए आयोजन के लिए संस्थान के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। अंत में आभार प्रदर्शन करते हुए हरिभूमि के महाप्रबंधक प्रियंक सिंह परिहार ने कहा कि स्थापना वर्ष 2001 से लेकर अब तक पाठकों का जो सहयोग, स्नेह और मार्गदर्शन मिला है उन्हीं सबके बदौलत यह समूह इस मुकाम पर है। उन्होंने अपने व्यस्त कार्यक्रमों के बावजूद हरिभूमि के इस आयोजन के लिए समय निकालकर अपनेपन का एहसास कराने वाले सभी अतिथियों के प्रति आभार ज्ञापित करते हुए सभी से भविष्य में भी यही स्नेह और सहयोग बनाए रखने का आग्रह किया। कार्यक्रम का संचालन हरिभूमि के चांपा प्रतिनिधि शैलेश शर्मा ने किया। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस सचिव राघवेन्द्र पांडेय, हरिभूमि के प्रोडक्शन मैनेजर मनीष त्रिपाठी, शैलेन्द्र सिंह, स्वर्णकार समाज के मीडिया प्रभारी शशिभूषण सोनी, हरिभूमि के जिला प्रमुख अभिषेक शुक्ला, आईएनएच के प्रभारी मुकेश सिंह बैस, प्रसार प्रभारी नरेन्द्र सिंह चौहान सिंह चौहान, विज्ञान प्रभारी वीरेन्द्र राठौर, रिपोर्टर राजेश वैष्णव, शंभू सिंह, अमित नामदेव, सक्ती जिला प्रतिनिधि रामनरेश सिंह यादव, देवरी-सारागांव प्रतिनिधि दिलीप साहू, तुस्मा प्रतिनिधि सुरेश साहू, किकिरदा प्रतिनिधि दयानिधि देवांगन, बेल्हाडीह-लवसरा प्रतिनिधि दिनेश साहू, रफीक खान, सुनील सिंघानिया उपस्थित थे।

## पूर्व कलेक्टर ब्रजेशचंद्र मिश्र को भेंट की "धरोहर"

हरिभूमि के कैलेण्डर विमोचन कार्यक्रम में विशेष रुप से उपस्थित जिले के पूर्व कलेक्टर एवं निजी विश्वविद्यालय नियामक अयोग के सदस्य ब्रजेशचंद्र मिश्र विशेष रुप से उपस्थित हुए। इस मौके पर सभी अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कलेक्टर मिश्र के ढ़ाई साल के कार्यकाल का उल्लेख करते हुए कहा कि तब किसानों को न्याय दिलाने का मामला हो अथवा बाढ़ आपदा से निपटने का कुशल प्रबंधन कलेक्टर मिश्र का कार्यकाल सराहनीय रहा। खास बात यह है कि जनप्रतिनिधि, अधिकारी, मीडिया जगत और आमजन से संवादहिनता की स्थिति नहीं रही। लोगों से सहज मिलना-जुलना और अपनेपन से उनके कामों को करना काबिले तारीफ रहा। इस मौके पर पूर्व कलेक्टर श्री मिश्र ने सभी अतिथियों एवं उपस्थितजनों से आत्मीयता के साथ मिले और इस क्षण को अविस्मरणीय बताया। अंत में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों पर आधारित धरोहर पत्रिका श्री मिश्र को भेंट किया गया।



# अयोध्या से आए अक्षत कलश का वितरण



सिर पर कलश धारण किए श्रद्धालु।

**हसौद।** अयोध्या से आए अक्षत कलश का शनिवार को जैजैपुर खंड के पेंडरी ,हसौद ,मल्दा, नरियरा कुटराबोर, परसाडीह, मंडल को सरस्वती शिशु मंदिर हसौद से वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम में अक्षत कलश का पूजन माल्यार्पण भजन मंडली के साथ अपने-अपने मंडल के लिए प्रस्थान किया गया। इसके उपरांत वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रांत घोष प्रमुख शेषनारायण सोनी, श्याम कश्यप जिला संयोजक पर्यावरण संरक्षण शक्ति, सुरेश राउत, प्रधानाचार्य सरस्वती शिशु मंदिर हसौद, चेतन साहू, शीतल साहू, शिव कश्यप, देवेंद्र पटेल, किशन विश्वकर्मा, श्याम मनोहर द्विवेदी, छवि माली एवं राम भक्त व प्रेमीजन उपस्थित थे।

## भजन कीर्तन के साथ विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का दे रहे न्योता

**अकलतरा।** अयोध्या धाम से आए पूजित अक्षत एवं आमंत्रण पत्र को लेकर विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता घर-घर पहुच रहे है। 22 जनवरी को अयोध्या धाम में श्रीराम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा होना है। आयोध्या धाम से रामभक्तों के लिए अक्षत एवं आमंत्रण पत्र आया है। ग्राम कोटमी सोनार डबरा मठ से कीर्तन मण्डली के साथ रामभक्त आमन्त्रण पत्र रामभक्तों के घर घर जाकर दे रहे है। विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का न्योता भजन कीर्तन के साथ दे रहे है। विश्व हिंदू परिषद के महंत सर्वेश्वर दास ने बताया कि 15 जनवरी प्रत्येक हिंदू सनातनी बन्धुओ के घर मे आयोध्या से आये अक्षत एंव आमंत्रण पत्र को पहुचाना है। कोटमी सोनार मण्डल संयोजक सुबोध थवाईत ने बताया कि मण्डल के सभी गांवों में आमंत्रण पत्र का वितरण चल रहा है। सभी रामभक्त अपने घरों के सामने रामज्योति प्रज्वलित कर दीपावली जैसा उत्सव मनाये यह अवसर सौभाग्य से मिला है। इस अवसर पर रामशंकर सोनी ,के पी पाण्डेय,मनहरण याद‌व, राजेन्द्र दुबे,शशिकान्त सोनी,हीरालाल सोनी, अमित शुक्ला, ललित सोनी, सन्तोष यादव, विनोद केंवट, दीपक केंवट सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# अविस्का को भारती कला महोत्सव में मिले पांच पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा



अतिथि के हाथों पुरस्कार प्राप्त करती अविस्का।

कक्षा छठवीं की छात्रा 11 वर्षीय बालिका अविस्का शुक्ला ने काशी विश्वनाथ में आयोजित भारती कला महोत्सव में भारत नाट्यम, क्लासिकल डांस, फोक डांस आदि में अपनी प्रस्तुति दी। इस दौरान पांच विद्याओं में उन्हें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ।

काशी विश्वनाथ में इंडियन ह्यूमीनिटी फाउंडेशन द्वारा भारतीय कला महोत्सव, काशी विश्वनाथ कला संगम का आयोजन किया गया था। इस दौरान पेटिंग, डांसिंग के विविध विद्याओं में प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें डीएव्ही स्कूल की कक्षा छठवीं की छात्रा अविस्का शुक्ला ने भाग लिया। इस दौरान उसे अलग-अलग विधाओं में पांच पुरस्कार मिले, जिसमें पेटिंग में प्रथम पुरस्कार मिला। इसी प्रकार भारत नाट्यम में दूसरा पुरस्कार, फोक डांस में दूसरा पुरस्कार, सोलो क्लासिकल, ग्रुप क्लासिकल में तीसरा स्थान मिला। इस दौरान आयोजन में उपस्थित अतिथियों ने अविस्का को प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह प्रदान करके सम्मानित किया। अविस्का शुक्ला जिले के नवागढ़ ब्लॉक अंतर्गत ग्राम बर्रा के कुबेर दत्त शुक्ला, श्रीमती प्रीति शुक्ला की सुपौत्री हैं। उनके पिता सोमेन्द्र शुक्ला दिल्ली में इंजीनियर है और माता श्रीमती सुमन शुक्ला शिक्षिका हैं। अविस्का की इस उपलब्धि पर परिवार के सदस्यों, शिक्षक-शिक्षिकाओं व स्नेहीजनों ने प्रसन्नता जाहिर की है।

# खेल शारीरिक मजबूती के साथ प्रदान करता है मानसिक दृढ़ता



कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि।

**चांपा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोजपुर में दो दिवसीय खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता पार्षद नागेंद्र गुप्ता थे। अध्यक्षता प्राचार्य श्रीमती रत्न प्रभा केशरवानी ने की। विशिष्ट अतिथि के रुप में पार्षद डुग्गू प्रधान एवं पूर्व प्राचार्य आर के राठौर उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि नागेंद्र गुप्ता ने प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि खेल शारीरिक मजबूती के साथ-साथ मानसिक दृढ़ता भी प्रदान करता है क्योंकि खेल को नियम और अनुशासन के अनुसार शारीरिक एवं मानसिक कौशल से सामने वाले प्रतियोगी को पछाड़ना होता है। जीत या हार को सहजता से स्वीकार करते हुए हाथ हाथ मिलाकर बधाई दिया जाता है और यही खेल भावना समाज उपयोगी होता है। उन्होंने आगे कहा कि आजकल युवा डिजिटल प्लेटफार्म में ज्यादा समय बिताते हैं मोबाइल , लैपटॉप, कंप्यूटर के माध्यम से फेसबुक ,व्हाट्सएप, युटुब से समय निकालकर फिजिकल भी वर्कआउट करना चाहिए जिससे शारीरिक एवं मानसिक दक्षता को बढ़ाने में सहायता मिलेगी। शरीर स्वस्थ रहेगा तो मन मस्तिष्क भी चैतन्य रहेगा। समारोह को श्रीमती रत्न प्रभा केशरवानी, पार्षद डुग्गू प्रधान एवं पूर्व प्राचार्य आर के राठौर ने भी संबोधित किया। दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता में कुश्ती ,कबड्डी, खो-खो, कुर्सी दौड़, सुई धागा दौड़ आदि खेलों को बालक बालिका के वर्गों में विभाजित कर खिलाया गया। कार्यक्रम का संचालन आशीष सिंह और स्वागत भाषण मर्सी फ्रैंकलिन आभार अशोक राठौड़ ने किया। खेल महोत्सव को सफल बनाने में पीटीआई अशोक राठौड़, नवनीत पटेल, आशीष सिंह, सीताराम द्विवेदी ,एल पी सोनी, एस आर मनहर, अश्वनी सांगवान, हरीश सिंह, योगेश कुंभकार, चंद्रशेखर माथुर, मर्सी फ्रैंकलिन, प्रियंका भगत, रितु डाहीरे, श्रीमती कंवर लक्ष्मी यादव ने सराहनीय योगदान दिया।





